भारत के विकास मॉडल को अन्य देश आदर्श मॉडल के रूप में देख रहे हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत और कनाडा के युवाओं को दोनों देशों के विकास के लिए मिलकर काम करते हुए ज्ञान, कौशल और अनुभवों का आदान-प्रदान करना चाहिए: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने हैलिफ़ैक्स में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया

...

हैलिफ़ैक्स, 26 अगस्त, 2022: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के समापन दिवस पर हैलिफ़ैक्स में भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया।

इस अवसर पर न्यू इंडिया की आकांक्षाओं और उपलब्धियों के बारे में बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत के लोगों के सामाजिक-आर्थिक जीवन में तेजी से बदलाव आया है। श्री बिरला ने कहा कि भारत के विकास मॉडल को अन्य देश आदर्श मॉडल के रूप में देख रहे हैं । उन्होंने प्रवासी भारतीयों द्वारा अपने मेजबान देश में योगदान करने की भावना की सराहना की ।

आज़ादी का अमृत महोत्सव का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर भारत और कनाडा के युवाओं को साथ मिलकर काम करते हुए ज्ञान, कौशल और अनुभवों का आदान-प्रदान करना चाहिए ताकि दोनों देशों का विकास हो सके।

बाद में, हैलिफ़ैक्स में भारतीय प्रवासियों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विदेश में भारत की विविधता में एकता और इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया ।

कनाडा की यात्रा के बाद आज यहाँ से प्रस्थान करते हुए, श्री बिरला ने कनाडा की सीनेट के महामहिम अध्यक्ष, श्री जॉर्ज फ्यूरे और कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष, महामहिम श्री एंथनी रोटा को सम्मेलन के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

श्री बिरला ने आज भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के साथ अमेरिका यात्रा की शुरुआत की, जहां वे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे । माननीय अध्यक्ष वहां भारतीय छात्रों को भी संबोधित करेंगे।